दैनिक जागरण 18/01/2026

विद्यार्थियों को लीफ कंपोस्टिंग की विधि की जानकारी दी

जीएमएन कालेज में कार्यशाला के दौरान शामिल विद्यार्थी व अतिथि • सौजन्य विज्ञप्ति

अंबाला • (विज्ञप्ति) : गांधी मेमोरियल नेशनल कालेज अंबाला कैंट में मिशन ग्रीन और लीप मुंबई के सहयोग से आयोजित पर्यावरण संरक्षण व सतत विकास विषय पर पांच दिवसीय कार्यशाला का शनिवार को समापन हुआ। कार्यशाला के अंतिम दिन पर्यावरण जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए कुल चार प्रमुख गतिविधियां आयोजित की गईं। प्रतिभागियों एवं आमंत्रित तीन पर्यावरणविदों ने 'हरित संकल्प उपवन' का भ्रमण किया। इस दौरान उपवन में प्रदर्शित अपशिष्ट सामग्री से निर्मित पेंटिंग्स को देखकर उन्होंने विशेष प्रशंसा की। प्रतिभागियों को लीफ कंपोस्टिंग की विधि और उसकी संरचना के बारे में व्यावहारिक जानकारी दी, जिससे जैविक कचरे के उचित प्रबंधन का संदेश दिया जा सके। कालेज के छात्र छात्राओं ने 'ईच वन प्लांट वन' का संकल्प लिया।